| | | |
|---|---|---|
| विक्रय मूल्य | :: | रु0 00,00,000/– |
| मालियत | :: | रु0 00,00,000/– |
| स्टाम्प | :: | रु0 0,00,000/– |
| परगना व तहसील | :: | मोहनलालगंज |

# विक्रय विलेख का संक्षिप्त विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | भूमि का प्रकार | : | आवासीय भूखण्ड |
| 2. | परगना व तहसील | : | मोहनलालगंज |
| 3. | मोहल्ला / ग्राम | : | कासिमपुर बिरूहा<br>''लखनऊ ग्रीन्स'' |
| 4. | जिला / राज्य | : | लखनऊ / उत्तर प्रदेश |
| 5. | सम्पत्ति का विवरण | : | भूखण्ड सं0–0000<br>ग्लोरिया ''लखनऊ ग्रीन्स''<br>खसरा सं0–000 |
| 6. | मापन की इकाई | : | वर्गमीटर |
| 7. | सम्पत्ति का क्षेत्रफल | : | 000.000 वर्गमीटर |
| 8. | सम्पत्ति का प्रकार | : | आवासीय भूखण्ड |
| 9. | सड़क की स्थिति | : | सुल्तानपुर रोड से 500 मीटर से अधिक दूर। |
| 10. | अन्य विवरण | : | 00 मीटर चौड़े रास्ते पर स्थित है। |

# –:चौहद्दी भूखण्ड विक्रीशुदा:–

| | | |
|---|---|---|
| **पूरब** | :– | ........................... |
| **पश्चिम** | :– | ........................... |
| **उत्तर** | :– | ........................... |
| **दक्षिण** | :– | ........................... |

| विक्रेता की संख्या ( एक ) | क्रेता की संख्या ( एक ) |
|---|---|
| **विक्रेता का विवरण–**<br>**विंग कोलोनाइजर्स प्रा0 लि0 (WING COLONISERS PVT. LTD.)** द्वारा अधिकृत हस्ताक्षरी / निदेशक **श्री जावेद इरशाद** पुत्र श्री इरशाद आजमी, निवासी–डी 277, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ द्वारा तस्दीकशुदा मुख्तारेआम **मनोज कुमार श्रीवास्तव** पुत्र श्री शेष बहादुर श्रीवास्तव निवासी–प्लाट नं0–4, पिंक सिटी, बुद्धेश्वर, मोहान रोड, लखनऊ उक्त मुख्तारनामा दिनांक–18.06.2018 को बही सं0–6, जिल्द सं0–17, पृष्ठ सं0–385 से 392, क्रमांक–45, उपनिबन्धक द्वितीय लखनऊ मे पंजीकृत है जो आज तक विधिमान्य है निरस्त नही किया गया है।<br>**PAN-AABCW1809K** | **क्रेता का विवरण–**<br>**श्री विनय कुमार चौधरी**<br>पुत्र श्री शत्रुघन प्रसाद चौधरी<br>**निवासी**ः–348, लौलई हासेमऊ, निकट न्यू एमिटी यूनिवर्सिटी, लोलई, लखनऊ, उ0 प्र0 226010<br>**PAN-ARQPC5757P** |

# विक्रय विलेख

जो कि विक्रेता, भूखण्ड सं0–000, ग्लोरिया, खसरा सं0–000, एरिया 0000 वर्गफिट यानी 000.000 वर्गमीटर, स्थित ग्राम–कासिमपुर बिरूहा, परगना व तहसील–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मालिक, कामिल व काबिज है।

उक्त भूमि को विक्रेता ने रजिस्टर्ड बयनामों के माध्यम से क्रय किया है जोकि कार्यालय उपनिबन्धक मोहनलालगंज, लखनऊ के यहां पंजीकृत है। उक्त

भूमि कई आवासीय भूखण्डों मे विभाजित करके लखनऊ ग्रीन्स नाम से आवासीय कॉलोनी विकसित किया है। जिसमे से उपरोक्त भूखण्ड का विक्रय विक्रेता, क्रेता के पक्ष मे कर रहा है।

विदित हो कि उक्त भूखण्ड विक्रेता के स्वामित्व व आधिपत्य में मौजूद है तथा उक्त भूखण्ड में विक्रेता के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का कोई हक व हिस्सा नहीं है तथा जो हर प्रकार से विवादों जैसे रेहन व विक्रय व दान व कुर्की व डिक्री व जमानत व मुकदमा व बैंक व वित्तीय संस्थानों के ऋण आदि से पूर्णतया मुक्त है, तथा विक्रेता को उक्त भूखण्ड क्रेता के हक में विक्रय आदि के पूर्ण अधिकार प्राप्त हैं। अब बजरूरत खुद विक्रेता उक्त भूखण्ड को पूर्ण स्वामित्व अधिकारों सहित, स्वस्थ मस्तिष्क की अवस्था में खूब सोच व समझकर, बिना किसी अनुचित दबाव के अपनी इच्छा एवं प्रसन्नता से बकीमत रू0 00,00,000/– (.................. मात्र) रूपये जिसके आधे मुबलिग रू0 00,00,000/– (.......................... मात्र) मे बदस्त **उपरोक्त** (द्वितीय पक्ष/क्रेता) को पूर्ण रूप से विक्रय कर दिया।

यह कि विक्रेता ने कुल विक्रय मूल्य अन्त में दिये गये विवरण के अनुसार क्रेता से प्राप्त कर कब्जा व दखल मालिकाना भूखण्ड बिक्रीशुदा पर आज की तारीख से क्रेता का बखूबी करा दिया।

अब विक्रेता व उत्तराधिकारी विक्रेता को कोई दावा व हक निस्बत भूखण्ड बिक्रीशुदा व वसूलयाबी विक्रय मूल्य के क्रेता से बाकी नहीं रहा। अगर कोई शख्स दावा करे तो वह बिल्कुल नाजायज होगा, और भूखण्ड विक्रीशुदा की हकीयत या मिल्कियत के बारे में कोई झगड़ा निकले या भूखण्ड बिक्रीशुदा कहीं रेहन व विक्रय व दान आदि पाया जाये या किसी अन्य सूरत में क्रेता को अधिकार होगा कि अपना कुल विक्रय मूल्य मय हर्जा खर्चा व नुकसान विक्रेता व उत्तराधिकारी विक्रेता

से व विक्रेता की अन्य सम्पत्ति चल व अचल से जरिये अदालत मय खर्चा के वसूल कर लेवे, विक्रेता व उत्तराधिकारी विक्रेता को कोई आपत्ति नहीं होगी।

विदित हो कि भूखण्ड विक्रीशुदा पूर्णतया आवासीय है तथा क्रेता ने भूखण्ड बिक्रीशुदा को आवासीय प्रयोजन हेतु क्रय किया है। यह कि उक्त भूखण्ड की मालियत श्रीमान जिलाधिकारी, लखनऊ द्वारा निर्धारित बाजारू मूल्य मुबलिग 0,000/– रूपये प्रति वर्गमीटर दर से एरिया 000.000 वर्गमीटर की कुल मालियत रू0 00,00,000/– होती है, विक्रय मूल्य, मालियत से अधिक है। इसलिए मालियत नगर उ0 प्र0 सरकार संस्थागत वित, कर एंव निबन्धन अनुभाग–5 संख्या सं0 वि0 क0 नि0 5–2756/11–2008–500 (165)/2007 लखनऊ दिनांक 30 जून 2008 के अनुसार क्रेता द्वारा रूपया 0,00,000/– का स्टाम्प शुल्क अदा किया जा रहा है।

विदित हो कि विक्रेता भूखण्ड विक्रीशुदा की बाबत कोई विक्रय अनुबन्ध विलेख आदि किसी अन्य व्यक्ति के हक में रजिस्ट्रीशुदा निष्पादित नहीं किया है। लिहाजा यह दस्तावेज विक्रय विलेख विक्रेता ने अपनी खुशी व रजामन्दी से बिना किसी अनुचित दबाव के, दुरूस्त होश हवास में, खूब सोच व समझ कर क्रेता उपरोक्त के पक्ष में निष्पादित कर दिया ताकि प्रमाण रहे और आवश्यकता पड़ने पर साक्ष्य के रूप में काम आवे।

यह कि प्रस्तुत विक्रय पत्र का लेख पत्र विक्रेता व क्रेता द्वारा बताये गये तथ्यों के आधार पर तैयार किया गया है। जिसकी जांच दोनो पक्षो द्वारा की गयी है। अब किसी प्रकार की त्रुटि होने पर प्रलेख लिपिक एवं प्रारूपकर्ता की कोई विधिक ज़िम्मेदारी नहीं होगी।

## भूखण्ड सं0–000, ग्लोरिया का चित्र (फोटोग्राफ)

## विवरण विक्रीत सम्पत्ति

भूखण्ड सं0–000, ग्लोरिया, खसरा सं0–00, एरिया 0000 वर्गफिट यानी 000. 000 वर्गमीटर स्थित–ग्राम कासिमपुर बिरूहा, (लखनऊ ग्रीन्स) परगना–मोहनलालगंज, जिला–लखनऊ।


**पूरब** :– ............................

**पश्चिम** :– ............................

**उत्तर** :– ............................

**दक्षिण** :– ............................

**000.000 वर्ग मीटर**



## (विवरण प्राप्ति विक्रय मूल्य मुबलिग 00,00,000/– रूपया)

1. विक्रेता ने क्रेता से मुबलिग रू0 00,00,000/– बजरिये चेक संख्या **000000** दिनांकित–00.00.2023 (बैंक का नाम) द्वारा प्राप्त किया।

लखनऊ

दिनांकः–24.06.2023

**गवाहानः–**

ह0 विक्रेता

**नाम–श्री**

पुत्र–श्री

नि0–

ह0 क्रेता

**नाम–श्रीमती**

पुत्री–श्री

नि0–

**प्रलेख लिपिक :–**

(मनोज कुमार)

**प्रारूपकर्ताः–**

(एम0 के0 श्रीवास्तव)

**गोमती नगर, लखनऊ, उ0 प्र0**